## खबर संक्षेप

### ग्राम कोहका में मिला वन्यप्राणी भालू का शव

**मण्डला।** वन भूमि कक्ष क्रमांक आर.एफ. 84 बीट कोहका, वृत बीजेगांव, परियोजना परिक्षेत्र नैनपुर क्षेत्र में विगत दिवस एक वन्यप्राणी का शव सड़ीगली अवस्था में प्राप्त हुआ। जिस पर एन.टी.सी.ए. नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मध्यप्रदेश, भोपाल से जारी दिशा निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुये घटना स्थल को सुरक्षित किया गया एवं डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों के छानबीन की कार्यवाही की गई। वन्यप्राणी भालू का शव छोटे से नाले में सड़ी गली अवस्था में गड़ा हुआ पाया गया। वन्यजीव प्राणी भालू के शरीर के नाखून गायब पाये गये। शिकार किये जाने की आशंका पर डॉग स्क्वायड की सहायता से आरोपियों की शिनाख्त की गई। पकड़े गये आरोपियों चंद्रशेखर वल्द घंसराम मलगाम उम्र 40 वर्ष, शिवकुमार वल्द मन्नूलाल उइके, सकरुलाल वल्द रामप्रसाद मर्सकोले एवं रामकुमार वल्द दादूराम यादव समस्त निवासी ग्राम कोहका पो. चीचगांव तहसील नैनपुर जिला मण्डला को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय नैनपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही की गई। माननीय न्यायालय नैनपुर की अनुमति के उपरान्त निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शव विच्छेदन कर शवदाह/भष्मीकरण की कार्यवाही की जावेगी। समस्त कार्यवाही की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की जा रही है।

### प्रायोगिक परीक्षा सामग्री का वितरण प्रारंभ

**मण्डला।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा हायर सेकेण्डरी/हाईस्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 की परीक्षा क्रमशः 25 एवं 27 फरवरी 2025 से आयोजित हो रही हैं। श्रीमती संध्या गुप्ता, समन्वयक प्राचार्य की जानकारी दी कि नियमित छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 10 फरवरी से 15 मार्च 2025 के मध्य अध्ययन संस्था में तथा स्वाध्यायी छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा आवंटित परीक्षा केन्द्र में दिनांक 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 के मध्य सम्पन्न होगी। समन्वय संस्था जिला बोर्ड प्रभारी विवेक मिश्रा ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षा सामग्री, चैक लिस्ट का वितरण दिनांक 01फरवरी से 04 फरवरी 2025 के मध्य समन्वयक संस्था शासकीय उमावि.क्रमांक 02मण्डला से किया जायेगा। प्राचार्य अपने प्रतिनिधि के माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा सामग्री प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही जिस बैंक खाता में प्रायोगिक परीक्षा की राशि जमा होना है बैंक खाता क्रमांक, IFSC Code, bank name की जानकारी विवेक मिश्रा, जिला समन्वयक बोर्ड प्रभारी को जमा करने का कष्ट करें। प्रायोगिक परीक्षा के प्राप्तांक की आनलाईन प्रविष्टि नियमित छात्रों हेतु संबंधित संस्था द्वारा 10 फरवरी से 30 मार्च 2025 एवं स्वाध्यायी छात्रों हेतु 25 फरवरी से 30 मार्च 2025 तक किया जावेगा।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा

# जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा

*** केबिनेट मंत्री और मुख्य सचिव ने की समीक्षा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सिंगल विलेज/मल्टी विलेज के अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन के कार्यों को 15 मार्च तक पूर्ण करना होगा। मंडला और डिंडौरी जिले के गांव-गांव में घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं का कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने उक्त कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके शुक्रवार को जिला योजना भवन में आयोजित जल जीवन मिशन तथा जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक को संबोधित कर रही थी। आयोजित बैठक में मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, प्रमुख सचिव पी. नरहरि, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर भाजपा अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत सहित समस्त मंचासीन लोगों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा। जिससे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संकल्पों को पूरा किया जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उपयंत्री जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के लिए लगातार क्षेत्रों का भ्रमण करें। जल जीवन मिशन के कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान आने वाली कठिनाईयों का निराकरण कर बेहतर कार्य करें। जिससे जल जीवन मिशन के कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए संभागीय एवं जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर विस्तार से समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान प्राप्त कठिनाईयों का त्वरित ढंग से निराकरण किया जा रहा है।

प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण एवं प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। इसे शासन की गाईडलाईन अनुसार निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। उन्होंने सिंगल विलेज एवं मल्टी विलेज के कार्यों को मार्च महीने तक पूर्ण करने को कहा। जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतों को जल जीवन मिशन के कार्यों पर निगरानी रखते हुए लगातार समीक्षा करने को कहा। प्रमुख सचिव श्री पी. नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण करने के लिए पाईप लाईन बिछाकर घर-घर तक पेयजल पहुंचाया जाए। इसके बाद जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर तथा कलश यात्रा निकालकर उक्त कार्यों का भव्य लोकार्पण किया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण करने के लिए जमीनी स्तर तक कार्य करने के निर्देश दिए। नागरिकों को रोजाना गुणवत्तापूर्वक पेयजल निश्चित समय पर उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्धारित जल शुल्क को भी महंगा नहीं रखने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की गई। कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



प्रमुख सचिव पी. नरहरि ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रति सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए घर-घर तक पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर शासन के दीर्घकालिक उद्देश्यों को पूर्ण करें। आयोजित बैठक में मंडला एवं डिंडौरी जिले में संचालित नलजल योजना एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। आयोजित बैठक में नल जल योजनाओं के स्वीकृति की जानकारी, ग्रामों की संख्या, एकल योजना एवं समूह योजना के बारे में बताया गया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत समूह योजना एवं एकल योजना की समीक्षा की गई। रोड रोटेशन की भी समीक्षा की गई तथा पाईप लाईन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में हर घर जल घोषित/प्रमाणित ग्रामों की समीक्षा की गई।

## उत्तराखंड और हरियाणा के दो युवक निकल गये परिक्रमा में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

महाकुंभ प्रयागराज पहुंचे दो मित्रों का नर्मदा जी के प्रति ऐसा आकर्षण हुआ कि दोनों कुंभ छोड़कर नर्मदा परिक्रमा में निकल गये। परिक्रमा के दौरान दोनों युवक अमरकंटक से अंजनिया पहुंचे। बताया जाता है उत्तराखंड के ऋषिकेष निवासी आलोक सेमवाल और हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी विकास सिंह अपने मित्रों के साथ जनवरी में महाकुंभ स्नान करने के लिए प्रयागराज आए हुए थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात संत अभिराम दास और बालकिशन गोस्वामी से हुई। मुलाकात के दौरान दोनों संतों ने उन्हें बताया कि सभी धार्मिक यात्राओं का सार नर्मदा परिक्रमा है। आलोक सेमवाल ने बताया कि वे काफी वर्षों से धार्मिक यात्राएं कर रहे हैं। बारह ज्योतिर्लिंग की यात्रा के दौरान नर्मदा दर्शन हुए थे। आलोक ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा करने की उन्होंनें पूर्व से कोई रूपरेखा नहीं बनाई थी। महाकुंभ में संत अभिराम दास और बालकिशन गोस्वामी की प्रेरणा के बाद उनका और विकास का नर्मदा जी के प्रति ऐसा आकर्षण हुआ कि परिक्रमा करने का प्रण प्रयागराज में ही ले लिया। आलोक ने बताया कि परिक्रमा पर निकलने के लिए दोनों प्रयागराज से इंदौर आए और अपने भाई की मदद से रेल्वे पार्सल से अपनी बुलेट बाईक बुक करवाकर उत्तराखंड से मंगवाकर 17 जनवरी से ओमकारेश्वर से परिक्रमा प्रारंभ कर दी। परिक्रमा के दौरान वे प्रतिदिन लगभग 100 से 150 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। प्रतिदिन शाम को मार्ग में पड़ने वाले आश्रमों या मंदिरों में रूक जाते हैं और दूसरे दिन गंतव्य की ओर निकल जाते हैं। आलोक ने बताया कि ओमकारेश्वर से माँ नर्मदा के उत्तर तट से यात्रा शुरू कर अमरकंटक से तट परिवर्तन कर दक्षिण तट में यात्रा कर रहे हैं।

### नर्मदा जयंती के अवसर पर 'निर्झरणी महोत्सव' 4 फरवरी को

**मण्डला।** विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के अवसर पर संस्कृति संचालनालय एवं अनुशंग अकादमियों द्वारा 'निर्झरणी महोत्सव' का प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव आगामी 4 फरवरी 2025 को नर्मदा जयंती के अवसर में संपन्न किया जाएगा। नर्मदा जयंती के अवसर पर 'निर्झरणी महोत्सव' के कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु श्री आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण मण्डला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल के द्वारा संचालित वर्ष 2025 की मुख्य परिक्षाओं के संशोधित परीक्षा कार्यक्रम में हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 25 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 तक संचालित होना है। परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों के आस-पास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग होने से न्यूसेंस पैदा होने की आशंका है, इस कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में कठिनाई हो सकती है। जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परीधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत के



अंतर्गत कानून व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने के लिए साम्प्रदायिक सदभाव, लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु असामाजिक तत्वों एवं शरारती तत्वों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है। कोई व्यक्ति, राजनैतिक दल, छात्र/कर्मचारी संगठन, संघ, ट्रेड यूनियन तथा अन्य कोई संघ/संगठन उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों की सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना प्रदर्शन, आमसभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा। उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों तथा संपूर्ण जिला की सीमा में अधिक कोलाहल वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जावे। सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी अपने अनुविभाग/तहसील के संपूर्ण क्षेत्रों के लिये निषिद्ध अवधि में क्षेत्र के थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी/नगर निरीक्षक की अनुशंसा के आधार पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुज्ञा देने हेतु सक्षम होंगे। उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अधीन दण्डनीय होगा।

## नारायणगंज में वीरांगना रानी दुर्गावती प्रेरणा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज में 30 जनवरी को शाम 6:00 से 9:00 बजे तक वीरांगना रानी दुर्गावती प्रेरणा कार्यक्रम में संस्कृतिक विभाग भोपाल से प्रशिक्षित टीम द्वारा अद्भुत अभिनय की प्रस्तुति की, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने आकर प्रेरणा स्कूल के छात्राएं पंचायत से लोगों का समूह एवं आसपास क्षेत्र के सभी पंचायत से लोग आकर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रेरणा कथा का अद्भुत अनुभव देखा सभी लोगों ने बहुत बेहतरीन, सराहना किया जिससे जनसमुह मंत्र मुक्त हो गए जनपद पंचायत नारायणगंज जनपद स्तरी कार्यक्रम के मुख्य जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन गौरी शंकर डेहरिया द्वारा सभी क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया एवं रानी दुर्गावती प्रेरणा के अद्भुत अनुभव के बारे में सभी को उद्बोधन में कहा एवं इस कार्यक्रम में आए हुए जनपद पंचायत नारायणगंज के समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव जनपद सदस्य एवं नारायणगंज के सभी गणमन नागरिक बीईओ, एवं बीआरसी कार्यालय से कर्मचारी एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों का सहयोग रहा।



**प्रतियोगिता** | **ब्राइट फ्यूचर नया स्कूल में हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

# बोरा दौड़, सुई-धागा, कंचा एवं चम्मच प्रतियोगिता

*** पुरूष्कार देकर बच्चों को किया गया प्रोत्साहित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शुक्रवार को ब्राइट फ्यूचर नया स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां पर छात्रों के लिए बोरा दौंड, सुई धागा, कंचा, चम्मच प्रतियोगिता के साथ अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श चौरसिया महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी श्रीमति ममता चौरसिया, श्रीमति अनुपमा चौरसिया, श्रीमति निकिता चौरसिया, श्रीमति वंदना चौरसिया की उपस्थिति में खेल गतिविधियां आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमति डॉ. रेखा चौरसिया, आदर्श महिला चौरसिया प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति ममता चौरसिया, जिला अध्यक्ष श्रीमति अनुपमा चौरसिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वालित किया और प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ कराया। यहां पर मंच का संचालन श्रीमति निकिता चौरसिया ने किया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमति जयश्री उपाध्याय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक हिस्सा है जो हमारे मनोबल को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि ब्राईट फ्यूचर नया स्कूल में आठवीं तक के बच्चें अध्ययन कर रहे हैं। वहीं नीरज अग्रवाल ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है उन्होंने विजेता प्राप्त बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। खेलों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। खेलों से हमें टीमवर्क करने का मौका मिलता है और हम सकारात्मक सोचने लगते हैं। खेलों से हमें कई तरह की सीखें मिलती हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति ममता चौरसिया ने कहा कि प्रकोष्ठ के द्वारा सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शासकीय अशासकीय स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं संस्था के द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाने को लेकर समय-समय पर कार्यक्रम किए जाते हैं। इस दौरान स्कूल स्टॉफ श्रीमति गौरी कछवाहा, श्रीमति अंजली मरावी कछवाहा, ज्योति पटैल, श्रीमति मधु श्रीवास, अनमोल जैन, श्रृद्धा पटैल, ज्योति सोनवानी, विशंयक ठाकुर, श्रीमति संगीता कछवाहा, श्रीमति शिल्पा पटैल एवं आर्यन वासू उपाध्याय उपस्थित रहे। वहीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह अतिथियों के द्वारा प्रदान किए गए।

## ब्राह्मण समाज की मात्र शक्तियों ने राममंदिर में की सुहागलें पूजन ओर भजन गायन

*** पीले परिधान में दिखी सभी सौभाग्यवती महिलाएं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के प्रसिद्ध राम मंदिर में महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज की मात्र शक्तियों द्वारा गुरुवार के दिन पीले रंग की एक सी वेशभूषा में एकत्रित होकर सुहागले पूजन कर एकता का परिचय दिया, इस अवसर पर महीला मंडल अध्यक्ष संगीता गर्ग ने बताया की प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हम सभी मिलकर माघ माह की गुप्त नवरात्रि के शुरुआत में श्रीहरि विष्णु भगवान का दिन गुरुवार को समाज की सभी मातृ शक्तियां मिलकर एक साथ पीले परिधान पहनकर एकता का भाव प्रदर्शित करते हुए आयोजन किया गया इस अवसर पर सभी सौभाग्यवती महिलाएं सम्मिलित होकर पूजन अर्चन कर मीठे पकवान का प्रसाद वितरण कर समाज को एक जुट करते हुए महीला संगठन को संगठित रखने का प्रयास करते है जिससे सभी को एक दूसरे से मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होता है आगे भी अनेक कार्यक्रम करने का प्रयास है, आज के सुहागलों की इस पूजन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवती माता सीता, राधा रानी, माता लक्ष्मी देवी, ओर माता पार्वती देवी की ओली भरकर श्रृंगार दान किया गया उसके बाद सभी माता-बहनों के द्वारा पूजन अर्चन कर एक दूसरे की ओली भरकर माता जी का सुहाग एवं आशीर्वाद सदेव बना रहे एसी प्रार्थना की गई पश्चात प्रसाद भोजन कर भजन कीर्तन किए गए और भक्ति के गीतों को सुन सभी झूम उठे। समाज की. मार्गदर्शक अरुणा दीक्षित, संगीता गर्ग,शशि मिश्रा , आरती चौबे , पूजा चौबे, अरुणा तिवारी, कल्पना पांडे, ज्योति द्विवेदी, ललिता मिश्रा, मीता चौबे, पूजा द्विवेदी, मीनल चौबे, नीति अग्निहोत्री, साधना बाजपेई, रत्ना गर्ग, निशा गर्ग, कल्पना पांडे, अर्चना दुबे, श्रेया मिश्रा, रानू पांडे, सरिता पांडे, रितु पांडे, सूर्या बाजपेई, रश्मि दीक्षित, नीता दीक्षित, रानू दुबे, लक्ष्मी, उषा, मीनू भट्ट, श्रद्धा शुक्ला, रश्मि शुक्ला, शिल्पा भट्ट स्मिता दुबे, नीता उपाध्याय, आरती उपाध्याय, ममता पांडे, उपाध्याय श्वेता कटारे, आशा पांडे, रोशनी दुबे, पूनम दुबे, साक्षी दुबे, आरती शर्मा, गोपी उपाध्याय, नेहा मिश्रा, अरुणिमा दुबे, निशा पांडे, सीता शुक्ला, सीता तिवारी, पूर्णिमा मिश्रा, राधिका दुबे, मनीषा मिश्रा, अर्चना मिश्रा, नीलम मिश्रा, भावना अल्का मिश्रा, प्रियंका तिवारी, प्रियल पांडे, राधिका दुबे सहित 75 मातृशक्ति उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



## स्कूली बच्चों को प्रदान की गई जरूरी शिक्षा सामग्री सहित बैग

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** गांवों में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सेवा भाव के साथ जिले की विंध्यवासिनी माइनिंग वर्क कंपनी एल एल पी द्वारा एक अनोखी पहल की गई। बताया जाता है कि कंपनी द्वारा क्षेत्र के संसारखेड़ा, अर्जुनगांव, बैरागढ़, गांगई सहित अन्य गांवों में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल और स्कूली पढ़ाई संबंधित सामग्री का वितरण किया। यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई। कंपनी की इस पहल की सराहना की जा रही है जो शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा और भी गांवो में भी लगातार शिक्षा सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

## नवभारत साक्षरता समीक्षा बैठक का आयोजन



**चीचली।** जनपद पंचायत चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं बीएसी अरुण दुबे द्वारा आगामी फरवरी माह में होने वाली असाक्षरों की परीक्षा संबंधित बात कहते हुये जरूरी दिशा निर्देशों के साथ ही उनके द्वारा सभी जन शिक्षा केंद्रों के सह समन्वयक द्वारा लक्ष्य अनुसार मॉनिटरिंग करने की निर्देश दिये। विकास खंड समन्वयक लेखराम गौतम एवं सत्यम ताम्रकार द्वारा 16 फरवरी को होने वाली वाले मूल्यांकन के संबंध में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण, केंद्र अध्यक्ष के दायित्व, वार्डवार, ग्रामवार लक्ष्य अनुसार परीक्षा में असाक्षरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, ऑनलाइन मॉनिटरिंग, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन तथा साक्षरता पंजी के अद्यतन संबंधित बात कही गई। इस बैठक में सभी जन शिक्षा केंद्रों के सह समन्वयक अजेश कुमरे, वीरेंद्र रघुवंशी, नरेश मेहरा, नेतराम कौरव, संजय सिंह राजपूत, देवकरण रजक, सत्यम ताम्रकार, बुलंद कुशवाहा कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

## किसानों के सामने नई परेशानी, मसूर फसल को इल्ली पहुंचा रही छति, घेटी कतर कतर गिरा रही जमीन में



**मनकवारा।** लगातार परेशानियों से जूझ रहे किसानों के सामने हर वर्ष नये प्रकार की परेशानी खड़ी होने से नही चूक पाती है। क्योंकि शायद ही कभी मसूर फसल में इल्ली का प्रकोप सुना गया हो? मगर इस वर्ष बीते हुये कुछ दिनों हो रहे मौसम में अचानक बदलाव व आसमान पर छाये हुये बादलों के चलते चना फसल के साथ साथ अब मसूर फसल में भी इल्ली का प्रकोप देखने मिलना शुरू हो चुका है। क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि जहां बीते हुये दिनों मौसम के बदलाव चलते खेतों में खड़ी हुई मसूर फसल में तेज ठंड के लग जाने के कारण उसका फूल प्रभावित हुआ है तो दूसरी ओर जितना फूल बच गया है उसमें फल लगने की शुरूआत होते ही अब इल्ली का प्रकोप होने के कारण क्षति पहुंचाना शुरू हो गया है। किसानों का कहना है कि मसूर फसल को इल्ली द्वारा उसकी घेटी कुतर कुतर कर जमीन में गिरा रही है। इस तरह मसूर फसल में जहां पहली बार इल्ली का प्रकोप देखने मिल रहा है। इस तरह हर वर्ष किसानों के सामने नई नई मुश्किले जन्म लेते हुये देखी जा रही है। अब सवाल यह पैदा हो रहा है कि मसूर फसल की सुरक्षा के लिये कौन से उपाय किया जावे। क्योंकि मासूर फसल सबसे नाजुक मानी जाती है और यदि कोई कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है कि उसकी क्षति पहुँचने का डर सता रहा है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से घटित हो सकती है किसी दिन बड़ी घटना?



**हरिभूमि न्यूज/कौड़िया।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा किसानों के जरा भी बिजली बिल यदि बकाया होते है तो उन्हें नोटिस देने के साथ साथ तुरंत बिजली लाईन काटने व संपत्ति कुर्क करने में देरी नही करता है? मगर वही दूसरी ओर बिजली विभाग के लापरवाही के चलते क्षेत्र के किसानों को समय पर न तो पर्याप्त बिजली मिल पा रही है? और न हा बिजली लाइना का रख रखाव किया जा रहा है जिसके कारण आम लोगों की जिन्दगी को पूर्ण रूप से खतरे की घंटी बजते हुए देखी जा रही है? इस संबंध में बताया जाता है कि अनेक जगहों पर बिजली विभाग द्वारा सड़क किनारे पर जो डी पी रखी गई है उनमें सुरक्षा के हिसाब से न तो कटटाघट लगाये गये है और न ही पेटी, जिन जगहों पर यदि कट टाउट लगाये भी गये है उनकी उंचाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि कोई भी बच्चा आसानी से उन्हें पकड़कर अपनी जिन्दगी दाव पर लगा सकता है? इस बात की सच्चाई इस समय ग्राम कौड़िया सहित अन्य जगहों पर आसानी से देखने मिल रही है, जिसके चलते लोगों की जिन्दगी को पूर्ण रूप से खतरा मड़राते हुए नजर आ रहा है? बताया जाता है कि इस प्रकार से बिजली विभाग के लापरवाह रवैया के चलते जहां लोग खतरे के बीच अपनी जिन्दगी व्यतीत कर रहे है, वही मुख्य रास्ते के किनारे पर रखी हुई डीपियों के चलते राहगीरों को भी खतरा लगने लगा है? इस स्थिति के चलते कभी भी कोई बड़ी घटना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है? यदि बिजली विभाग की लापरवाही से किसी दिन घटना घटित होती है तो इसका जिम्मेदार बिजली विभाग ही होगा।

# वृद्धजन व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान बोले मंत्री - राज्य व केन्द्र बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है, क्षेत्र के विकास को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ी जावेगी










**गाडरवारा/** सालीचौका। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को नगर के अम्बेडकर भवन गाडरवारा एवं राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण सालीचौका में राष्ट्रीय वायोश्री योजनांतर्गत वृद्धजन व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंत्री सिंह ने वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये। इस मौके पर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कुल 396 वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को एडिप योजनांतर्गत कुल 595 सहायक उपकरण वितरित किये गये। जिसमें गाडरवारा में 146 वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को 231 सहायक उपकरण और सालीचौका में 250 वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को 364 सहायक उपकरण वितरित किये गये। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार बुजुर्गों के स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। राज्य सरकार ने जरूरत मंद व्यक्तियों को तुरंत उपचार के लिए प्रदेश में पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की है जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 3 व्यक्तियों को यह सुविधा मुहैया कराई गई है। वही मंत्री सिंह ने कहा कि विभाग के कर्मचारियों ने घर- घर जाकर दिव्यांगजनों का सर्वे कर, उनको सूचीबद्ध कर आवश्यकता के अनुसार उनको आज सहायक उपकरण वितरित किये गये हैं। केन्द्र व राज्य सरकार गरीबों और दिव्यांगजनों की चिंता कर रही है और उनकी सहायता कर रही है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के अंतर्गत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को ग्राम पंचायत सचिव व जीआरएस द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर जोड़ने का काम कर रहे हैं तथा पात्र हितग्राही भी स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से पीएम आवास योजना- ग्रामीण में नाम जोड़ सकते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि पात्र हितग्राहियों के पक्के आवास बनें। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बताया कि गाडरवारा विधानसभा के तहत 100 करोड़ रुपये की लागत से कौड़िया से वायपास- कामती तक वायपास स्वीकृत किया गया है तथा क्षेत्र में रेलवे फाटक में फ्लाई ओव्हर बनाये जा रहे हैं, जिससे यातायात सुगम होगा।अपने संवोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के प्रति मदद का भाव होना चाहिये। वही प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में पात्र हितग्राहियों को 55 हजार रुपये की राशि दे रही है। इसका ग्राम पंचायत सचिव व जीआरएस द्वारा मुनादी कराकर व्यापक प्रचार- प्रसार करें। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष राव संदीप सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती साधना स्थापक, जितेन्द्र राय, राम नारायण बडकुर, पराग तिवारी, हर्ष पाठक, चंचल कोरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्रीमती अंजना त्रिपाठी, गणमान्य नागरिक, अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय वायोश्री योजनांतर्गत वृद्धजन व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के दौरान गाडरवारा में 146 वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को 17 मोट्राइजड ट्रायसाईकिल, 3 छोटी ट्रायसाईकिल, 35 बड़ी ट्रायसाईकिल, 29 बड़ी व्हील चेयर, 40 वैसाखी, 66 वाकिंग स्टिक, 4 रोलेटर, 3 सीपी चेयर, एक ब्रेल किट 5 सुगम्य केन एवं 28 हेयरिंग हेड (श्रेवण यंत्र) सहित कुल 231 सहायक उपकरण और सालीचौका में 250 वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को एक सर्फिकल कॉलर, 44 कान की मशीन, 26 व्हीलचेयर, 4 क्रच, 5 फोल्डेबल वॉकर, 110 घुटने के बेल्थ, 47 गर्दन के बेल्ट, 42 सिलिकॉन कुशन, 59 वॉकिंग स्टिक, 15 स्पेशल व्हीलचेयर एवं 6 कमोड़ सहित व्हील चेयर सहित कुल 364 उपकरण वितरित किये गये।

## आज नगर में निकाली जावेगी माँ नर्मदाजी की चुनरी यात्रा



**गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि हमारा नर्मदा क्षेत्र जहां संपूर्ण देश में अलग पहचान बनाये हुआ है। क्योंकि इस क्षेत्र में पैदा होने वाली फसल का स्वाद लेते हुये देश के बडे बडे महा नगरों में बैठे हुये लोग हमारे नर्मदाचंल को याद करने से नही भूलते है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग अपने आपको इसलिये सौभाग्य शाली मानते है कि उन्होंने माँ नर्मदाजी के अंचल में जन्म लिया है। क्योंकि हम लोग निश्चित ही जब इच्छ होती है तब नर्मदाजी के दर्शन करते हुये अपने पापों से मुक्ति पा लेते है। क्योंकि धर्म शास्त्रों के अनुसार दुनिया की वह पहली नदी है जिसकी लोग परिक्रमा करते हे वह माँ नर्मदाजी है। हर साल हजारों की संख्या में माँ नर्मदाजी की परिक्रमा करने वाले संतों की सेवा करने का भी हम नर्मदा क्षेत्र के लोगों को सौभाग्य मिलने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो हम लोगों पर माँ नर्मदाजी का इस तरह से आर्शीवाद रहता है कि माँ अपने पुत्रों पर किसी भी तरह का संकट आने के पहले ही उसका हरण कर लेती है। इसी प्रकार से माँ नर्मदाजी भी इस क्षेत्र में किसी तरह से कोई बडी विपत्ति आने के पहले ही उसका हरण करते हुये अपनी संतान को सुरक्षित करने से नही चूकती है। इसी का परिणाम है कि आज तक हमारे क्षेत्र में कोई बडी विपत्ति नही आई यह माँ नम्रदाजी के आर्शीवाद का ही परिणाम है। इसी के चलते माँ नर्मदाजी का प्रकटोत्सव क्षेत्र के लोगों द्वारा हर साल बडे ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी माँ नर्मदाजी का जन्मोत्व धूमधाम के साथ मनाये जाने की तैयारी तथा 4 फरवरी नर्मदाजी की जयंती के पावन अवसर पर माँ नर्मदा को समर्पित की जाने वाली चुनरी यात्रा का आयोजन गाडरवारा शहर में हर साल की भांति इस वर्ष भी आज 1 फरवरी को निकलाी जावेगी। बताया जाता है यह माँ नर्मदाजी की चुनरी यात्रा आज दोपहर 1 बजे माँ नर्मदाजी के मंदिर छिडाव घाट से शुरू होकर चौकी मुहल्ला से निकलते हुये चांवडी रोड से महावीर भवन पहुंचगी। इसके बाद श्याम टाकीज मार्ग से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी से झंडाचौक से निकलते हुये सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी से सराफा बाजार होते हुये नगर के हृदय स्थल झंडा चौक से निकलते हुये वापिस मंदिर पर पहुंचकर समापन होगा। इसके बाद 4 फरवरी नर्मदाजी के जन्मोत्सव के मौके पर नर्मदा भक्तों द्वारा इस चुनरी को माँ नर्मदाजी को समार्पित की जावेगी। इस तरह आज निकलने वाली मां नर्मदाजी की चुनरी यात्रा को लेकर जहां लोगों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर इस चुनरी यात्रा में भारी जन समुदाय उमडने से नही चूकेगा।




## व्यावसायिक छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

चीचली

विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के विद्यार्थियों ने लोक शिक्षण संचनालय की नवीन व्यावसायिक समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल केंद्र गाडरवारा का औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री कौशल केंद्र गाडरवारा में संचालित समस्त ट्रेड जैसे ई टी, आईटी, हेल्थ केयर सहित सभी संचालित ट्रेड की प्रारंभिक जानकारी दी गई। वही बताया जाता है कि इस दौरान प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के संचालक कपिल साहू एवं ट्रेनर आफरीन द्वारा उपस्थित समस्त व्यावसायिक छात्रों के स्वागत उपरांत केंद्र में संचालित विभिन्न ट्रेड से विषयक समस्त जानकारी के आलवा लैब का भ्रमण, छात्रों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के साथ ही भविष्य में इन ट्रेडस की उपयोगिता व साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग संबंधित व्याख्यान दिया गया। बताया जाता है कि इस दौरान उनके द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी, विद्युत संयंत्रों, हेल्थ केयर, विभिन्न मशीनों, डाटा एंट्री संबंधी कार्य, विभिन्न एप्लीकेशंस का निर्माण एवं कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण में विद्यालय के व्यवसायिक शिक्षकों सरफराज मोहम्मद तथा दिनेश गर्ग के साथ शिक्षिका शिखा श्रीवास्तव ने सहयोग प्रदान किया। यह औद्योगिक भ्रमण जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार के मार्गदर्शन एवं उत्कृष्ट विद्यालय चीचली के प्राचार्य भूपेश ठाकुर तथा व्यावसायिक प्रभारी सत्यम ताम्रकार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## क्षेत्र में अनेक जगहों पर खुलेआम बिजली तारों में कंटी लगाकर की जा रही बिजली चोरी, अधिकारियों की भूमिका सवालों के घेरे में ...

सालीचौका

जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल देते हुये उनसे बसूली की जा रही है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रही बिजली चोरी की सच्चाई को बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। सालीचौका में खुलेआम हो रही बिजली चोरी को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र जिस प्रकार बिजली विभाग द्वारा अपने निष्ठावान उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिये जा रहे है उसमें वह बिल भी शामिल किये जा रहे है जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम थी और उसके द्वारा सभी के बिद्युत बिल माफ करने की बात कहने के साथ साथ कोरोना काल के दौरान प्रदेश की वर्तमान सरकार द्वारा भी उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को माफ करने की घोषणा की गई थी।

मगर अब देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा पूर्व में शून्य किये गये बिलों को जोड़कर आम उपभोक्ताओं से बसूली की जा रही है जिसके चलते जहां निष्ठावान विद्युत उपभोक्ता जहां बिजली विभाग की मनमानी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते मजे में दिखाई दे रहे है..? बताया जाता है कि जिस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाते हुये उसकी रिडिंग के आधार पर बिल बसूले जाते है उसकी प्रकार से सालीचौका क्षेत्र के लिये भी निर्धारित मात्रा में उच्च स्तर पर बिजली सप्लाई करते हुये उसका लेखा जोखा रखा जाता है और संपूर्ण क्षेत्र का लेखा जोखा करते हुये संबंधित वितरण केन्द्र के कार्यालय को बसूली का जिम्मा सौपा जाता है। वितरण केन्द्र को उच्च स्तर से मिले हुये बिल में चोरी से बिजली उपयोग करने वालें की खपत भी शामिल हो जाती है और उसी अंतर को पूरा करने के लिये स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग द्वारा निष्ठावान उपभोक्ता जिनके घरों में मीटर लगे हुये होते है उनके बिलों में इजाफा करते हुये बसूली करने में कोई सकर नही छोड़ी जाती है? क्योंकि उदाहरण के लिये देखा जावे तो संपूर्ण सालीचौका क्षेत्र में मान लिया जावे एक माह में 100 यूनिट बिजली प्रदान की गई है जिसमें 50 यूनिट बिजली निष्ठावान उपभोक्ताओं द्वारा उपयोग की गई और 50 यूनिट बिजली चोरी हो जाती है। मगर वितरण केन्द्र को तो ऊपर 100 यूनिट बिजली का ही हिसाब व बिल देना होता है। इस तरह चोरी हुई बिजली का हिसाब मिलाने के लिये उनके हिस्से का बिल भी ईमानदार उपभोक्ताओं के बिलों में



जोड़कर बसूल करने से नही चूकते है और इसी का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले बुलंद होने से वह बगैर पैसा खर्च किये हुये अधिकारियों की कृपा दृष्टि से बिजली का उपयोग करने से नही चूक रहे है? क्योंकि बिजली विभाग के अधिकारी यदि निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन करने लगे तो एक यूनिट बिजली चोरी होना भी संभव नही हो सकता है..? मगर जब जिम्मेदार अधिकारियों की बिजली चोरी करने वालों पर कृपा दृष्टि बनी होगी तो बिजली चोरी को रोकना भी संभव नही हो सकता है? और इसी का परिणाम है कि क्षेत्र में जहां तहां बिजली लाईनों से कंटी फसी हुई आसानी से देखने मिल रही है जहां पर आये दिन बिजली विभाग के अधिकारियो से लेकर कर्मचारियों का आना जाना लगा रहने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना निश्चित तौर से अधिकारियों की भूमिका पर सबाल खड़े करते हुये संदिग्ध बनाने से नही चूक पा रही है?

## अभी तक नहीं बदली शुक्रवारा बजारिया की तस्वीर



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** बदले दौर में शहर के बाजार का विस्तार होने के बावजूद शहर के शुक्रवारा बाजार की उस बजारिया की तस्वीर दुर्भाग्य से अभी तक नही बदल पायी है, जिसमें अधिकतर टीन का काम कर जीविका चलाने वाले, टेलर,केशकल्पी, मानिहारी की सामग्री बेचने वाले लोग पूरी ताकत से मेहनत कर अपनी रोजीरोटी चलाते है। गौरतलब है कि इस बजरिया में संकीर्णता होने की स्थिति में बहुत सी छोटी अव्यवस्थित दुकानो का जाल फैला हुआ है और ग्राहको की भीड़ अधिक होने पर उक्त बजारिया में आवागमन करना कठिन हो जाता है, इस शुक्रवारा बजारिया में अनेक लोग बीते हुई कई वर्षो से अपनी दुकाने चला रहे व्यापारियो ने बताया कि वे तरतीब से इस बजारिया में दुकाने बनने का लम्बे समय से इंतजार कर रहे है मगर बदनसीबी से उनका यह अरमान पूरा नहीं हुआ है, जिसका परिणाम है कि वे बजारिया में मूलभूत सुविधाओं की कमी की समस्या झेलते हुए बाबा आदम के जमाने की बनी बेनूर दुकानो का संचालन कर अपने परिवारजनो का भरण पोषण करने मजबूर है, उनका कहना है कि क्षेत्र में लगातार विकास होने के बाद भी नगर की इस शुक्रवारा बजारिया की दशा में बदलाव करने अभी तक प्रशासन ने प्रयास नही किए है, उन्होने शासन प्रशासन से गुहार लगायी है कि शुक्रवारा बजारिया का कायाकल्प करने की दिशा में शीघ्र पहल की जाए।

## पांच साल में खत्म हो गए हजारों हरे पेड़

**गाडरवारा।** प्रदेश सरकार हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाकर शहर,क्षेत्र के गांवो में छायादार,फलदार वृक्षो का रोपण करने लोगो को प्रोत्साहित करते है किंतु वृक्षारोपण अभियानो के दौरान हर वर्ष लगाए गए अधिकांश वृक्ष रख रखाव के अभाव में या तो सूख जाते है या फिर जानवरो द्वारा नष्ट कर दिए जाते है। सूत्रो के अनुसार पिछले पॉच साल में शहर व क्षेत्र के गांवो में लगाये गए हजारो पेड़ लोगों की असावधानी से ठूँठ में तब्दील हो चुके है तथा हजारो रूपया खर्च करते हुए पंचायतों में चलाया गया हरियाली महात्सव का क्या हाल यह बात किसी से छीपी हुई नही है, आज यदि उन पौधों को देखा जावे तो ट्री गार्ड में पेडो की जगह मात्र गाजर घास ही नजर आ रही है, जिससे पौधारोपण के अभियानो के महत्व पर सवालिया निशान लग रहा है।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा जयंती को आयोजित होगा निर्झरणी महोत्सव

**डिंडौरी।** नर्मदा जयंती के अवसर पर एक दिवसीय निर्झरणी महोत्सव का आयोजन उत्कृष्ट विधालय ग्राउंड डिंडौरी में शाम 7.30 बजे से किया जाएगा। उक्त महोत्सव के आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसके लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर को बनाया गया है। साथ ही समिति के अन्य सदस्यों को कार्यक्रम के लिए उनके दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### नर्मदा महोत्सव में तैनात अधिकारी कर्मचारियों के आज से बनेंगे परिचय पत्र

**अनूपपुर।** अमरकंटक नर्मदा महोत्सव- 2025 के आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफलता पूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिगत आयोजन की व्यवस्था के कार्यों हेतु तैनात किए गए अधिकारियों / कर्मचारियों को परिचय पत्र जारी करने जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आयोजन के संदर्भ में तैनात किए गऐ अधिकारी/कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी आदेश की प्रति एवं दो फोटोग्राफ के साथ 1 फरवरी को प्रातः 9 बजे सी पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में उपस्थित होकर परिचय पत्र बनवाने की अपील की है।

### जिला जेल में स्वास्थ्य एवं निक्षय शिविर का किया गया आयोजन

**अनूपपुर।** जिला जेल अनूपपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर एवं निक्षय शिविर का आयोजन किया गया जिला जेल में निरुद्ध 316 कैदियों की एचआईवी, सिफीलिस जांच के साथ ही अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं उपचार किया गया शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस सी राय जेल अधीक्षक श्री इंद्रदेव तिवारी नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती प्रियंका नागपुरे श्रीमती प्रभा सिंह राठौर लैब टेक्नीशियन मिथिलेश राठौर भाई लाल पटेल श्रीमती कविता गुप्ता काउंसलर राहुल चंदेल ने उपस्थित रहकर शिविर में सहयोग प्रदान किया।

### सरकारी जमीन पर संचालित था पेट्रोल पंप, हाईकोर्ट ने पेट्रोल पंप ठहराया अवैध

**अनूपपुर।** उच्च न्यायालय जबलपुर ने चंद्रमा सिंह की सेकंड अपील इस आधार पर खारिज कर दी कि चंद्रमा सिंह ने भूमि स्वामी होते हुए भूमिहीन बनकर 5.67 एकड़ मप्र शासन की भूमि का आवंटन अपने पक्ष में लिया था और फिर इसी भूमि पर पेट्रोल पंप संचालित करके वर्षो तक मुनाफा कमाते रहे, सामाजिक कार्यकर्ता संग्राम सिंह और राहुल अग्रवाल की शिकायत पर जांच हुई तब जाकर जमीन मप्र शासन को मिली इसके बाद चंद्रमा सिंह उच्च न्यायालय चले गए थे। वर्ष 2020 से मामला विचाराधीन था, 30/01/2025 को उच्च न्यायालय ने चंद्रमा सिंह की अपील खारिज कर दी है, अब देखना है शासन कब तक अपनी जमीन पर कब्जा लेती है। इस प्रकरण में केविएट वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय दीपक पांडे द्वारा लगाई गई थी और अंतिम बहस के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय जबलपुर जितेश श्रीवास्तव द्वारा की गई।

### शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि, नाटक एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी में स्थित पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 30 जनवरी शहीद दिवस स्थानीय मल्टीपरपस सभागार में आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम महात्मा गांधी को सामुहिक श्रद्धांजलि दी गई जिसमें 350 विद्यार्थी शामिल थे। शहीद दिवस के अवसर पर आजादी के परवाने पर एक नाटक का मंचन विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया जो हिंदी शिक्षक अतुल सिंह एवं भाग्य श्री के निर्देशन में प्रस्तुत किया जो भगत सिंह के राष्ट्रप्रेम वह जीवन दर्शन पर आधारित था। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पीएमश्री स्कूल फेस 2 योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

# शासकीय महाविद्यालय करंजिया में वेटलैंड संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डिंडौरी

।शासकीय महाविद्यालय करंजिया में वेटलैंड (आद्रभूमि) संरक्षण अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन इको क्लब के अंतर्गत संस्था प्रमुख प्रोफेसर प्रमोद कुमार वासपे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वेटलैंड के संरक्षण और इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत इको क्लब प्रभारी डॉ. प्रेम शंकर साहू के द्वारा विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर की गई। इसके बाद, स्थानीय स्तर पर मौजूद वेटलैंड का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों को वेटलैंड की पारिस्थितिकी, जैव विविधता, और इसके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### वेटलैंड का महत्व और संरक्षण पर व्याख्यान

कार्यक्रम के दौरान वनस्पति शास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉ. अनीता पटेल ने शहमारे भविष्य के लिए वेटलैंड संरक्षणश विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि वेटलैंड्स न केवल जल स्त्रोतों का संरक्षण करते हैं, बल्कि जलवायु परिवर्तन को कम करने, जैव विविधता को बनाए रखने और स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि वेटलैंड्स को अक्सर बेकार भूमि के रूप में देखा जाता है और शहरीकरण, कृषि विस्तार, एवं औद्योगिक गतिविधियों के कारण इन्हें नष्ट किया जा रहा है। लेकिन वास्तव में, ये क्षेत्र प्राकृतिक जल शुद्धिकरण संयंत्र के रूप में कार्य करते हैं और बाढ़ नियंत्रण में भी सहायक होते हैं।डॉ. पटेल ने कहा, ष्यदि हम वेटलैंड्स का संरक्षण नहीं करेंगे, तो इससे न केवल जल संकट बढ़ेगा, बल्कि जैव विविधता का भी भारी नुकसान होगा। इसलिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर इनके संरक्षण की दिशा में कार्य करना चाहिए।






### स्थानीय वेटलैंड का भ्रमण एवं जागरूकता अभियान

कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों को स्थानीय वेटलैंड का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने उन्हें बताया कि यह वेटलैंड क्षेत्र विभिन्न प्रकार के पक्षियों, मछलियों, पौधों और अन्य जलीय जीवों के लिए एक महत्वपूर्ण आश्रय स्थल है। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि किस प्रकार ये आद्रभूमि पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बनाए रखती हैं और वर्षा जल को संचित कर भूजल स्तर को बनाए रखने में सहायक होती हैं।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय वनस्पतियों और जीव-जंतुओं का अध्ययन किया। इसके साथ ही उन्होंने इस क्षेत्र में पाई जाने वाली दुर्लभ प्रजातियों और उनके संरक्षण की जरूरतों को भी समझा।

### अध्यापकों और विशेषज्ञों का योगदान

इस पूरे आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रोफेसर विक्रम सिंह टेकाम, प्रोफेसर शत्रुसूदन सिंह, डॉ. रिशा मिश्रा एवं डॉ. के.पी. बारोह का विशेष योगदान रहा।प्रोफेसर विक्रम सिंह टेकाम ने विद्यार्थियों को वेटलैंड्स से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि श्रामसर संधिश वेटलैंड संरक्षण के लिए एक वैश्विक समझौता है, जिसके तहत विश्वभर में महत्वपूर्ण वेटलैंड्स को संरक्षित किया जाता है।डॉ. रिशा मिश्रा ने बताया कि कैसे वेटलैंड्स प्राकृतिक रूप से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वायु की गुणवत्ता को बनाए रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को वेटलैंड संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर किए जा सकने वाले उपायों के बारे में बताया, जैसे कि वनों की कटाई को रोकना, जल प्रदूषण कम करना और प्लास्टिक कचरे के निपटान पर विशेष ध्यान देना।

### छात्रों की सहभागिता और जागरूकता अभियान

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही, उन्होंने श्वेटलैंड बचाओ, पर्यावरण बचाओश का नारा लगाते हुए एक जागरूकता रैली भी निकाली।कुछ विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें वेटलैंड्स के महत्व के बारे में कई नई जानकारियां मिलीं, जो वे अपने परिवार और समुदाय के लोगों के साथ साझा करेंगे।

### वेटलैंड संरक्षण के लिए संकल्प

कार्यक्रम के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने वेटलैंड संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने प्रतिज्ञा की कि वे जल स्त्रोतों को स्वच्छ और संरक्षित रखने के लिए प्रयास करेंगे। प्लास्टिक और अन्य हानिकारक कचरे को जल निकायों में डालने से बचेंगे। अधिक से अधिक लोगों को वेटलैंड्स के महत्व के बारे में जागरूक करेंगे। सरकार और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर वेटलैंड संरक्षण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### संस्था प्रमुख का संबोधन

संस्था प्रमुख प्रोफेसर प्रमोद कुमार वासपे ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ष्पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हम सभी को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। वेटलैंड्स का संरक्षण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार होगा।

# आदर्श ग्राम चाड़ा में लगा पी एम विश्वकर्मा योजना का शिविर

**डिंडौरी ।** बजाग ब्लॉक के आदर्श ग्राम चाड़ा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जागरूकता शिविर भारती मेरावी अनुविभागीय अधिकारी बजाग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजाग, मुंशी लाल धुर्वे के मार्गदर्शन लगाया गया। जिसमें भारत सरकार के एम एस एम ई विभाग के इग्निस तिर्की असिस्टेंट डायरेक्टर इन्दौर से, एवं जय भारती ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट डिंडोरी के संचालक भारत नामदेव एवं समन्वयक चितरंजन नामदेव, आकांक्षी ब्लॉक फेलो डॉ विकास जैन, गोविंद बोरकर सरपंच उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। कार्यक्रम में जय भारती ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट संचालक भारत नामदेव द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ विशेष जनजाति बैगा इस योजना का लाभ कैसे ले सकते हे उनमें भी बहुत शिल्पकार होते हे जो लकड़ी, बांस, जूट, खुमरी झाडू, लोहे का काम, माला बनाने वाले विश्वकर्मा होते है उनका नए पंजीयन कैसे किए जाएं, पंजीयन में क्या समस्या आ रही है, एवं जिनका पंजीयन हो चुका था उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम कैसे होता हे प्रशिक्षण ले चुके है उसके आगे की प्रक्रिया क्या है, भारत सरकार के एम एस एम ई विभाग के इग्निस तिर्की असिस्टेंट डायरेक्टर ने लोगो से जाना की उन्हें क्या-क्या समस्याएं आ रही हे एवं समाधान बताया गया। आधुनिक टूल किट के समय पर नहीं आ पा रही हैं। लोगों को ट्रेनिंग का स्टयफंड (पैसा) समय पर आ रहा है। उसके साथ में उनके सर्टिफिकेट कैसे निकाले जाने हैं यह समस्त जानकारी दी गई इनमें जो-जो समस्या आ रही थी उन सभी बिंदुओं पर विस्तार से समझाया गया। पी एम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थीयों की आजीविका को सतत बनाने का भावी उद्देश्य है इसके लाभ 5 दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग जिसमें उपस्थित लाभार्थी को 5 दिन प्रशिक्षण का 2500 मिलता हे एक किट 15000 की आधुनिक औजार का प्रमाण पत्र के आधार पर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से मिलता है इनके लोन खाता में बैंक से 100000 का 5 प्रतिशत ब्याज वार्षिक दर से 18 माह के लिए लोन की सुविधा उपलब्ध कराता है चुकाने के पश्चात 15 दिवस का एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम कंप्लीट होने के बाद दो लाख रुपए का अतिरिक्त लोन संबंधित बैंक से उपलब्ध कराता है ऐसी योजना का उद्देश समस्त भारतवर्ष में शिल्पकार विश्वकर्मा के कौशल उन्नयन कर जीवन में आर्थिक उत्थान करना है।




# भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर जमकर झूमे भक्त

***डिंडौरी ।*** करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में में नर्मदा के तट पर श्री मद्भागवत कथा में अवनीश महाराज ने बताया जीवन में सत्संग बहुत आवश्यक है क्योंकि सत्संग से ही कुसंग मिटता है क्योंकि संसर्ग से ही दोष और गुण उत्पन्न होते है।सती चरित्र के माध्यम से बताया कि भारतीय नारी की विशेषता है कि वह अपने पति का सम्मान सबसे ऊंचा रखती है दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान किया तो सती ने भरी सभा में अपना शरीर त्याग दिया संसार में वही व्यक्ति उन्नति करता हैं जो ईर्ष्या द्वेष से रहित होता हैं । यानि दूसरे व्यक्ति के पद ओहदा और कद सम्मान संपत्ति से जलन न रखें। क्योंकि हर इंसान का नसीब अलग अलग हैं यह प्रभु की इच्छा हैं कि किसे कितना देता हैं।यघपि मानव के जीवन में यदि ईश्वर की कृपा से सुख आए तो सहज बनें इतराये नहीं और दुख आए तो घबराए नहीं।अवनीश जी महाराज के द्वारा मानव जीवन के महत्व के बारे में बताया की 84 लाख योनियों में सिर्फ मनुष्य का शरीर ही अपने कल्याण के लिए सत्कर्म कर सकता हैं मनुष्य और अन्य जीव जंतुओं व पशुओं में यही भिन्नता है मनुष्य अपने कल्याण के लिए साधन कर मोक्ष प्राप्त कर सकता है इसलिए मानव को सत्कर्म के मार्ग पर चलकर अपना कल्याण करना चाहिए। कृष्ण जन्म पर झूमे भक्त -शुक्रवार को कथा के प्रसंगानुसार श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर श्री महाराज ने भजन के माध्यम से भगवान के रुपों का आकर्षक वर्णन करते हुए श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया जबकि भगवान वामन के चरित्र को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए और 52 भगवान की झांकी को देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो उठे भगवान श्री कृष्ण की बधाई गायन को सुनकर सभी श्रोता झूमते नजर आए पर इस प्रकार कथा स्थल में पंडाल के नीचे भगवान श्रीकृष्ण का जन्म धूमधाम से मनाया गया।



# वन विभाग एवं इको टूरिज्म बोर्ड की संयुक्त पहल से अनुभूति कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**डिंडौरी।** शुक्रवार को वन मंडल डिंडौरी के तहत परिक्षेत्र शहपुरा के बीट घुटैना में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उक्त कार्यक्रम मध्यप्रदेश वन विभाग एवं इको टूरिज्म बोर्ड की संयुक्त पहल है जो कि युवा पीढी को वन जीवन के प्रति जागरूक करता है। कार्यक्रम में स्कूलों के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया कार्यक्रम में बच्चों को नेचर ट्रेल, बर्ड वॉचिंग जैसी गतिविधियों के साथ पर्यावरण, वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण व संवर्धन,तथा वन विभाग के पद अनुक्रमणिका वा उनके दायित्वों की जानकारी दी गई और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, जनपद पंचायत अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो, भजन दास चक्रवर्ती, राजेश साहू, नितिन गुप्ता, विनय गुप्ता, हिरेन्द्र मरावी सहित वन विभाग के अधिकारी सहित शिक्षक और वन परिक्षेत्र शहपुरा का स्टॉफ मौजूद रहे।

# हितग्राहियों को किया गया हितलाभ वितरण

**डिंडौरी ।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के हितग्राही आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत कटंगी, छपरा रैयत, मोहनी माल, बिछिया, बड़झर, देवरी कला में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने जन कल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से उन्होंने सीसी रोड निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभाग के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। उक्त आयोजन में जनपद अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो, जनपद उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंदेल, भजन दास चक्रवर्ती, नितिन गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### दहशत फैला रही बाघिन का किया गया सफल रेस्क्यू

# अब धूमधाम से होगा अमरकंटक महोत्सव, बाघिन का खतरा टला

**अनूपपुर**/अमरकंटक। बीते कई दिनों से अमरकंटक वन परिक्षेत्र में दहशत का कारण बनी बाघिन को आखिरकार वन विभाग की संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक पकड़ लिया है। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, संजय टाइगर रिजर्व सीधी और अमरकंटक वन विभाग की टीमों ने अहम भूमिका निभाई। बाघिन लगातार पांच दिनों से अमरकंटक के धार्मिक स्थल कपिलधारा के समीप बाबाघाट, नर्मदा नदी के दक्षिणी तट पर मौजूद थी जिससे क्षेत्र में रहने वाले लोग और श्रद्धालु भयभीत थे।

### जालेश्वर में डेरा फिर कपिलधारा पहुंची बाघिन

इससे पहले बाघिन एक सप्ताह से अधिक समय तक जालेश्वर के जंगलों में रही और वहां से पलायन कर बाबाघाट क्षेत्र में डेरा जमा लिया। इस दौरान कई स्थानीय लोगों और पर्यटकों ने बाघिन को देखा और उसके वीडियो भी बनाए जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना रहा। अमरकंटक वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बाघिन की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने गश्त बढ़ा दी और लगातार उस पर निगरानी रखी जा रही थी। यह क्षेत्र नर्मदा परिक्रमा मार्ग का भी हिस्सा है जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में परिक्रमा यात्री गुजरते हैं। इसके अलावा आस-पास रिहायशी इलाके भी हैं जिससे किसी अप्रिय घटना की संभावना बनी हुई थी। हालांकि अब तक बाघिन ने किसी मानव पर हमला नहीं किया था लेकिन खतरे को टालना संभव नहीं था। वन विभाग ने बाघिन के व्यवहार का विश्लेषण किया और पाया कि वह लगातार एक ही क्षेत्र में बनी हुई थी और बहुत कम दूरी 40-50 मीटर तक ही चल रही थी। इससे आशंका थी कि वह बीमार हो सकती है या उसके पैरों में किसी प्रकार की तकलीफ हो सकती है। इस स्थिति को देखते हुए डीएफओ विपिन पटेल को सूचना दी गई जिन्होंने तत्काल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और संजय टाइगर रिजर्व सीधी की रेस्क्यू टीमों से संपर्क किया।

### कलेक्टर ने दिए रेस्क्यू के निर्देश

इस बीच जिला कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्देश दिए कि अमरकंटक में आगामी नर्मदा जन्मोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आने वाले हैं। ऐसे में बाघिन का शीघ्र रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित स्थान पर भेजना अनिवार्य हो गया था। कलेक्टर के निर्देश के बाद वन विभाग ने तेजी से ऑपरेशन की तैयारी शुरू कर दी। शुक्रवार सुबह 9 बजे से 12 बजे तक तीन घंटे तक चले इस अभियान में सफलतापूर्वक बाघिन को रेस्क्यू किया गया। बाघिन लेंटाना की घनी झाड़ियों में छिपी हुई थी जिससे उसे पकड़ना मुश्किल हो रहा था। इस स्थिति को देखते हुए बांधवगढ़ से एक हाथी बुलवाया गया। रेस्क्यू टीम ने हाथी पर बैठकर बाघिन को ट्रैंक्विलाइजर गन (बेहोशी का इंजेक्शन) से निशाना बनाया जिससे वह निश्चेत हो गई। इसके बाद टीम ने सुरक्षित तरीके से उसे पकड़ा और पिंजरे में डाल दिया।



### बाघिन को भेजा गया संजय टाइगर रिजर्व

बाघिन को पकड़ने के बाद संजय टाइगर रिजर्व सीधी भेज दिया गया जहां उसकी स्वास्थ्य जांच की जाएगी और आवश्यक उपचार दिया जाएगा। इस सफल रेस्क्यू ऑपरेशन से क्षेत्र के लोग राहत की सांस ले रहे हैं, क्योंकि बीते कई दिनों से बाघिन की मौजूदगी से भय और दहशत का माहौल बना हुआ था। बाघिन के पकड़े जाने की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों ने राहत महसूस की और वन विभाग की पूरी टीम का आभार जताया। अमरकंटक जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थल पर इस तरह की घटनाएं लोगों को भयभीत कर देती हैं लेकिन वन विभाग और प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से यह मामला सफलतापूर्वक हल हो गया।

**खबर संक्षेप**

## रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के श्रीधाम रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात मृतक पुरुष उम्र करीबन 50 से 55 वर्ष दिनांक 31 /1/25 को रेलवे स्टेशन श्रीधाम के किलोमीटर नंबर 936 / 34 पर डाउन ट्रैक पर मृत अवस्था में मिला है जो किसी ट्रेन से टकराकर मृत हुआ है मृतक के सिर में चोट के निशान भी है वहीं हाथ में भी चोट है जिसका मर्ग पंचनामा कार्यवाही जीआरपी थाना गाडरवारा द्वारा की जाकर मृतक के शव को शासकीय अस्पताल गोटेगांव के शवगृह कक्ष में रखवाया गया है।

## स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर आयोजित






**गोटेगांव।** विगत 31 जनवरी को मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार गोटेगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेप्रोस्कोपिक महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया।इस संबंध में गोटेगांव के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एस एस धुर्वे ने हमारे संवाददाता को बताया कि इस सीजन में गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक 750 महिलाओं के दूरबीन से आपरेशन किए गए है जो एक रिकॉर्ड है साथ ही विगत शुक्रवार को 41 महिला हितग्राहियों के नसबंदी आपरेशन हो चुके हैं ।उन्होंने आगे बताया बताया कि महिलाओं को इस सीजन में आपरेशन कराने के लिए ही शासन द्वारा संपूर्ण प्रदेश में ये नसबंदी शिविर आयोजित किए जाते हैं।

## दो जन शिक्षा केंद्र को समाप्त कर हो रहा ए ई ओ का निर्धारण

**तेंदूखेड़ा ।** नई शिक्षा नीति के अनुसार संकुल व्यवस्था समाप्त करके ए ई ओ ऑफिस का निर्धारण किया जा रहा है । जिसमें भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नए सिरे से ए ई ओ ऑफिस की स्थापना की जानी है इसके लिए एक बैठक बुलाकर इसका निर्धारण किये जाने संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड चांवरपाठा के दो जन शिक्षा केंद्र जन शिक्षा केंद्र कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा और खुरसुरु में स्थित शासकीय विद्यालय को संकुल केंद्र समाप्त कर दिया गया है और इन्हें दूसरे जन शिक्षा केदो में समाहित कर दिया गया है । लेकिन जिस तरीके से इसका निर्धारण किया जा रहा है वह भौगोलिक दृष्टि से उचित प्रतीत नहीं हो रहा है । कुछ शिक्षक खुलकर सामने तो नहीं आये है लेकिन इस व्यवस्था को उचित भी नहीं मान रहे हैं। दतली टोला जो कि जनशिक्षक केंद्र कन्या विद्यालय तेंदूखेड़ा के अंतर्गत किया आता है अब उसे डोभी में समाहित किया जा रहा है । इसी तरह जन शिक्षा केंद्र कन्या तेंदूखेड़ा की कुछ शालाओं को डोभी में समाहित किया गया है । जन शिक्षा केंद्र बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा की भी कुछ शालाओं को बिलहरा मै समाहित किया जा रहा है ।जिसे भौगोलिक दृष्टि से ठीक नहीं माना जा रहा है।जितने जन शिक्षा केंद्र चांवरपाठा में पहले थे उन्हें पूर्व की भांति ही समीप के विद्यालयों में ही उनका निर्धारण किया जाये । जिससे शिक्षकों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी।

### बैग से दस तोला सोने के जेवर ले गये चोर

# शादी के गहने हुए चोरी, पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीते दिनो थाना क्षेत्र करेली निवासी पीड़ति द्वारा कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक के नाम लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत मे बताया गया कि शादी समारोह के दौरान बैग मे रखे दस तौला सोना से बने जेवर अज्ञात चोरो द्वारा हाथ साफ कर लिया गया। जिसकी शिकायत पुलिस थाना करेली को दी जा चुकी है लेकिन पुलिस द्वारा लिखित आवेदन लेने के बाद आज दिनांक तक मामला दर्ज नही किया गया और ना ही जांच की जा रही है। वही पीड़ति द्वारा शिकायत कर जांच कराने तथा जेवर वापस दिलाने की मांग की गई है।**





### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र करेली के ग्राम छीतापार निवासी पीड़ति द्वारा दिये गये आवेदन मे बताया गया कि वह दिनांक 11 जनवरी को शादी समारोह मे लगभग 22 तोला सोने के जेवर लेकर गई हुई थी जहां पर जेवर उतारकर बैग मे रखे हुये थे तथा दूसरे दिन बैग पूरी तरह बंद था एवं ताला लगा हुआ था ताला खोलने के बाद पता चला कि बैग मे जेवर नही है। जिसकी शिकायत थाना करेली मे दी गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। बताया गया कि पुलिस द्वारा जेवर के संबंध मे मांगे गये थे वह देने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नही की जा रही है।

### दस तौला सोने के थे जेवर

आवेदन मे बताया गया है कि रिश्तेदारों के यहां शादी के लिये अपने जेवर व गहने लेकर उनके घर छीतापार पहुचे थे तेल व हल्दी के दिन अपने गेहने जेबर पहने थे और लगभग दोपहर 02:30 से 03 बजे के बीच दोनो ने पूरे जेबर गहने उतारकर अपने ट्राली बैग मे सभाल कर रखकर छोटा ताला लगाकर चाबी वही रखे अपने दूसरे छोटे बैग के अंदर वाले जेब मे रखकर हम शादी के दूसरे कामों में लग गये परंतु शादी के खाना वाले दिन बुधवार दिनांक 15.01.2025 की सुबह 10 बजे लगभग फिर से जेबर पहने की लिये देखा तो गहनो मे से बड़े बडे.4 गहने नहीं थे जिसमें सोने का करधन 10 तोला बिल अनुसार, एक मंगल सूत्र 3 तोला बिल अनुसार, एक रानी हार 5 तोला बिल अनुसार एक और बड़ा मंगल सूत्र 4 तोला बिल अनुसार सभी का बजन 22 तोला है जो चोरी हो गये है बाकी छोटे छोटे गहने बैग में ही मिले परंतु उक्त 4 गहने बैग में नही थे।

### चढ़ावे मे भेजने थे जेवर

आवेदन में बताया गया कि उक्त जेवर शादी में चढ़ावे में भेजने के लिये मगाये गये थे जिन पर अज्ञात चोरो द्वारा पार कर दिया गया। जेवर चोरी होने की जानकारी पुलिस को दी गई एवं पुलिस को शादी समारोह में शामिल हुये सभी व्यक्तियों की सूची भी दी जा चुकी है। पुलिस ने सभी से बारी बारी पूछकर चोरी की पुस्टि की जा रही है। चोरी हुए चारो जेबरो के बिल और फोटो भी पुलिस को उपलब्ध करा दिये गये है। परंतु आज दिनांक तक चोरी की एफ.आर.आई. दर्ज नही की जा रही है और न ही चोरी की जांच आगे बड़ाई जा रही है। करेली पुलिस की कार्यवाही सुचारू रूप से न चलना चोर के लिये मददगार सावित हो रहा है और चोर अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

## गर्भावस्था है सर्वोत्तम विद्यालय - नित्यानंद गिरी



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीते दिनों से श्री हरि आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास स्वामी सदाशिव नित्यानंद गिरी जी महाराज ऋषिकेश हिमालय द्वारा बताया गया कि मनुष्य जितना माँ के गर्भ में 9 माह में सीखता है उतना 90 वर्ष में नहीं सीख सकता गर्भवति माँ जो खाती है, सोचती है, विचार करती है, बोलती है, जो वस्त्र पहनती है, जैसा साहित्य पढ़ती है, और जो दृश्य देखती है, उस सारी बातों का प्रभाव गर्भस्थ बालक बालिकाओ पर निश्चित पढता है और वह वैसा ही स्वभाव लेकर जन्म लेता है इसीलिए सन्तान अच्छी चाहिए तो पहिले माँ को बुराई का त्याग करना चाहिए। आगे की कथा मे स्वामी जी ने कहा जगत में जितने महान पुरुष और महान नारियां हुए हैं, वो सब माँ के पेट में ही महान बन गए बाहर की शिक्षा का, संगति का भी प्रभाव होता है लेकिन उतना नहीं, जितना गर्भावस्था का होता है ध्रुव, प्रह्लाद, नामदेव नानक कबीर सूर तुलसी मीरा ये सब माँ के पेट में ही भक्त बन गए। बड़े बड़े सूर अर्जुन कर्ण भीष्म माँ के पेट में ही बन गए स मेने सत्संग में सुना है कि महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी, रानी लक्ष्मीबाई आदि जब गर्भ में थे तो इनकी माताओं ने महाभारत का श्रवण किया था, इसीलिए ये महान सूर पैदा हुए। उक्त श्रीमद भागवत कथा 4 फरवरी नर्मदा जयंती तक चलेगी।

## लीनेस क्लब संस्कार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस लीनेस क्लब का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति कौरव सहायक प्राध्यापक एवं श्रीमती रमा दुबे पूर्व परियोजना अधिकारी ने मां शारदे को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लीनेस सुषमा तिवारी ने सरस्वती वंदना का गायन किया, लीनेस वत्सला त्रिवेदी ने ध्वज वंदना पढी। रेनसी नरोदिया एवं मानसी मेहरा ने देवी वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। निवर्तमान अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने अपने भाषण में कार्यकाल में सहयोग के लिए सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। सचिव रचना त्रिवेदी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी लीनेस सुमन शर्मा ने सत्र 2025 के लिए अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी, सचिव लीनेस मनीषा पुरोहित एवं लीनेस कोषाध्यक्ष ज्योति पचौरी को शपथ दिलाई । उपाध्यक्ष के लिए नीता शर्मा रचना त्रिवेदी, सहसचिव वत्सला त्रिवेदी, सह कोषाध्यक्ष कुसुम राजपूत ने भी शपथ ली। कार्यक्रम में लीनेस बलजीत कौर लीनेस शिखा साहू, लीनेस कुसुम राजपूत, लीनेस नंदिता चौबे ,लीनेस गीता मिश्रा की उपस्थिति रही।







### राकिम महासंघ के पदाधिकारी नियुक्त, युवाओं को मिला स्थान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ मध्यप्रदेश के मध्य प्रांत की तहसील सिलवानी, जिला रायसेन के ट्रैक्टर मार्च, आमसभा एवं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के पश्चात नरसिंहपुर जिले के युवा किसान नेताओं को संगठन में पदोन्नति की गई है। नरसिंहपुर जिले के ऋषिराज पटेल को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार कक्काजी की उपस्थिति में युवा प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। साथ ही पूर्व जिला अध्यक्ष कमल सिंह लोधी को युवा संभाग उपाध्यक्ष जबलपुर संभाग का दायित्व एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह को नरसिंहपुर जिले की युवा इकाई में जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा नरसिंहपुर तहसील से विनोद गुमास्ता को नरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष ओर दिनेश कुमार लोधी को करेली तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन

### छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार विषय लेने आगे बढ़ने की दी गई सलाह



**तेंदूखेड़ा ।** विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को विषय विशेषज्ञो द्वारा आवश्यक जानकारी केरियर काउंसलिंग मेले के दौरान दी गई। छात्रों में पढ़ाई के दौरान कई प्रकार के प्रश्न उठने लगते हैं अपने करियर बनाने के लिए किस विषय का चयन करें स्कूली शिक्षा पूर्ण होने के बाद किसी कॉलेज में प्रवेश लेने किस विषय की पढ़ाई उनकी रुचि के अनुसार कैरियर बनाने में मददगार होगी। इस उद्देश्य को लेकर शासकीय विद्यालय डोभी में प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी साहू प्रतीक जरारिया एमबीबीएस डॉ वैशाली पटेल इंजीनियर आईटी कंप्यूटर तुलसा कोरी व्यावसायिक शिक्षा सचिन पटेल खेल शिक्षक सरिता वर्मा विज्ञान शिक्षक आभा वैध्य कला संकाय पुष्पलता पटेल संस्कृत शिक्षक और जनपद सदस्य सूर्यकांत दिवगैंया ने पत्रकारिता विषय पर बच्चों को अपना अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। सरस्वती पूजन के साथ शुरू हुये करियर मेले का शुभारंभ हुआ ।कैरियर मेले में वक्ताओं द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किस विषय की पढ़ाई अपने करियर बनाने में महत्वपूर्ण समझते हैं।उस विषय को अपनी रुचि के अनुसार अध्ययन करें ।तब कहीं जाकर अपनी रुचि के अनुसार ही आपका कैरियर सुरक्षित होगा। क्योंकि वर्तमान समय में ऐसी अनेक विधाए हैं जिनके माध्यम से हम अपना जीवकोपार्जन आसानी से कर सकते हैं। और अपना करियर सुरक्षित बना सकते हैं। जिस क्षेत्र में हम जाना चाहते हैं पहले हमें उसे क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी एकत्रित करना चाहिए क्योंकि बिना जानकारी के हम उसे क्षेत्र में आसानी से नहीं पहुंच पाएंगे। शासन द्वारा भी कौशल विकास योजना के अंतर्गत ऐसी अनेक योजना क्रियान्वित हो रही है जिनका लाभ हम आसानी से ले सकते हैं आईटी सेक्टर के क्षेत्र में और लड़कियां ब्यूटी पार्लर सिलाई सेंटर आदि के माध्यम से घर बैठकर आसानी से अपने करियर को अंजाम तक पहुंचा सकती हैं।जिस क्षेत्र में अपनी रुचि रखते हैं उसे क्षेत्र में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए उन सभी कार्यों में संलग्न रहें जिससे हम अपने भविष्य को साकार कर सके। वक्ताओं ने कहा कि मार्गदर्शन देने आए हैं हम लोगों ने भी अपनी रुचि और अधिक परिश्रम के बल से आज इस स्थिति को अपने समकक्ष खड़ा किया है। वर्तमान में अपनी परीक्षा की तैयारी करते हुए बेहतर सफलता अर्जित करते हुए अपनी शाला और माता पिता का नाम रोशन करते हुए अच्छी सफलता अर्जित करें और अपने भविष्य को साकार करने के लिए जो रुचि है उस क्षेत्र में आप मेहनत करें निश्चित ही एक न एक दिन सफलता जरूर मिलती हैं।

## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन जागरूकता अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मे पूज्य बापू की जी की पुण्यतिथि, कुष्ठ दिवस के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशन में सी. एम.एच.ओ डॉ. एस.एस. ठाकुर के मार्गदर्शन जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. राजकिशोर पटेल के कुशल नेतृत्व में उपस्थित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारियों एवं जिले के दूरस्थ ग्रामों से आये हुए कुष्ठ विजयी पंजीकृत, हितग्राहियों की उपस्थिति में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिन्द्र सिंह एस.डी.एम द्वारा पूज्य बापू जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर स्मृति में 2 मिनिट का मौन धारण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं संकल्प का वाचन उपस्थित से करवाया गया। 60 इसी कड़ी में उपस्थित कुष्ठ विजयी हितग्राहियों का सम्मान हाथों से स्पर्श करके सम्मानियों द्वारा चादर, श्रीफल पद रक्षक सैंडिल सेल्फ केयर किट अन्य स्व रक्षक वर्तनों से किया गया। डॉ. राजकिशोर पटेल द्वारा बतलाया गया कि 30 जनवरी से 13 फरवरी 2025 तक प्रति वर्ष की भांति सघन स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जा रहा है जिसका मुख्य उदेश्य कुष्ठ पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समाज में व्याप्त भ्रातियों एवं भेदभाव को समाप्त किया जाना है। उक्त शिविर के सफल आयोजन में जिला रेडक्रास सोसायटी कर्मचारी कुष्ठ शाखा से मानसिंह पटेन श्रीमती रीना शर्मा, राघवेंद्र राजपूत मेहदी हसन, मुकेश ठाकुर एवं स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

### लज्जा भंग करने वाले आरोपी को सजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी अजय मेहरा आत्मज सिम्मू मेहरा आयु 20 वर्ष, हाल निवास नर्मदा कालोनी, गुड्डा साहू का मकान गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) वर्तमान निवास- ग्राम खुर्सीपार, थाना गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा- धारा 363 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोक्त्री की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में अपराध क्रमांक 0/ 2024, अंतर्गत धारा 363, 354, 354-ए भादवि एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में देहाती नालसी लेखबद्ध की गई, जिसकी कायमी आरक्षी केन्द्र पलोहा में अपराध क्रमांक 18/2024 पर की जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया।

## रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के दौरान चलाया स्वच्छता अभियान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सिवनी बंधा में 27 से 02 फरवरी 2025 तक संकुल प्राचार्य एसके बक्शी के मार्गदर्शन में चल रहा है। शिविर में चतुर्थ दिवस जिला संगठक डॉ दिलीप पाठक द्वारा शिविर मे पहुंचकर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत जल संकट पर अतिथियों और स्वयंसेवकों में विचार विमर्श हुआ। शिविर का कुशल संचालन कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। पंचम दिवस स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के मुख्य धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया। तथा उनकी रंगाई, पुताई की गई। इस कार्य के बाद ग्रामीणों द्वारा स्वयंसेवकों के कार्य की सराहना भी की गई। वही शरद कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया कि स्वयंसेवक शिविर की दिनचर्या का पालन कर रहे हैं जिसमें प्रभात फेरी, योग, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि गतिविधियों की जा रही हैं। शिविर में शिक्षक ओंकार गोस्वामी, विकास गुप्ता, यश गुप्ता, गेंदालाल काछी, जमना प्रसाद काछी,कृष्ण कुमार ठाकुर भ्रत्य धर्मेश ठाकुर वरिष्ठ स्वयंसेवक शिवम मेहरा विशेष सहयोग प्रदान कर रहें हैं।



# पीएम आवास योजना के मकान से वंचित गरीब हितग्राही

### कच्चे मकानों में गुजर बसर कर रहे ग्रामवासी



**गोटेगांव।** जनपद पंचायत के अंतर्गत अनेक ग्राम जन चर्चा का केंद्र बना हुए है अगर आपको विकास का नजारा देखना है तो गांवों में जाकर देख सकते हैं। जी हां वैसे तो शासन प्रशासन गांव को विकसित करने में कई प्रकार की योजनाएं चल रहा है और विभिन्न मदों से पंचायत में धनराशि मुहैया की जा रही है।परंतु ज्यादातर गांवों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ ग्राम वासियों को नहीं मिल पा रहा।केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना यह सोचकर चलाई थी जो मजदूर व गरीब वर्ग के नागरिक पक्के आवास बनाने में सक्षम नहीं रहते उनको शासन की योजना द्वारा पक्का मकान निर्मित कर दिया जाता है।जिससे गरीब हितग्राही को अपना खुद का पक्का आवास नसीब हो सके।लेकिन ग्राम अतरिया, तिघरा,चदलौन,लाठगांव दपकिया,पिपरसरा, कोरेगांव, पिपरिया, कमोद सहित अन्य सैकड़ो ग्राम में मामला इसके विपरीत है यहां शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत अभी तक मात्र कुछ ही हितग्राहियों के पक्के मकान बन पाए हैं।जबकि केंद्र सरकार द्वारा पीएम आवास योजना शुरू किए कई साल बीत चुके हैं। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही उदासीनता के कारण ग्रामीणजन को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।और इन गांवों के रहवासी जर्जर क्षतिग्रस्त मकानों में रहने को मजबूर हो रहे है।हमारे संवाददाता ने गांवों का निरीक्षण किया तो गांव अधिकतर मकान कच्चे बने हुए हैं। वहीं गांव के कुछ मकान कच्ची मिट्टी से निर्मित है जिनमें छत की जगह पन्नी डालकर ग्रामीण गुर्जर बसर करने मजबूर हैं,कुछ ग्रामीणों ने मजदूरी कर थोड़े-थोड़े पैसे बचा कर किसी ने रिश्तेदारों से उधार पैसे लेकर अपने मकान पर कवेलू(खपरा) छा लिए हैं। परंतु गांव विकास की दास्तान यहां के टूटे हुए छपर स्वयं चिल्ला चिल्लाकर बता रहे हैं।

### गांवों में है ज्यादातर कच्चे मकान

जिस गांव में जाओ वहीं पर आपको नजारा देखने मिलेंगे गांव में ज्यादातर घर कच्ची मिट्टी से निर्मित है जिनकी दीवारें बिखरने लगी है,कुछ मकानों पर टीन के चादर लगे हुए हैं,गांव का विकास बिखर कर कहीं सड़क पर ना आ जाए इसलिए उसको थामने के लिए लकड़ी को जमीन में गड्ढा खोदकर दीवार को गिरने से रोकने के लिए सहारा दिया जा गया है,ताकि वह क्षतिग्रस्त ना हो और विकास की पोल पट्टी ना खुल जाए।वहीं गांवों में कई मकान बहुत ज्यादा जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं,जरा सी बारिश होने पर मिट्टी की दीवारें गिर सकती है जिससे कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती।ग्रामीणों ने बताया घरों की समस्या को लेकर सीएम हेल्पलाइन में कई बार शिकायत की गई है। सीएम हेल्पलाइन पर आज तक क्यों कार्यवाही नहीं हुई यह बात जनपद में बैठे अधिकारी अच्छी तरह से जानते हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हम 20 से 30 साल पहले से ऐसे ही कच्चे मकानों में जीवन यापन कर रहे हैं।